CON 76

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक तथा कार्यरूप व्याकरण**

रविवार, दिनांक ८ अगस्त २०२१

[**समय** : सुबह १०-३० से दोपहर १-०० बजे तक]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ**.— (१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

**अंक**

प्रश्न १. (अ) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १५

(१) 'शकुन अपशकुन' के बारे में अपने विचार लिखिए।

(२) कवियों की कविता सुनाने की आदत के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(३) महानगरों में आवास की समस्या के विषय में अपने विचार लिखिए।

(४) काँजी हाऊस में पशुओं के रखरखाव विषय पर अपने विचार लिखिए।

(५) पर्यटन के विषय में पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ब) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :—** १६

(१) लपकानंद की कौनसी बात से सारा शहर परेशान था ?

(२) करामत अलीने अंतमे लक्ष्मी के बारे में क्या निर्णय लिया ? क्यों ?

(३) पंछी किनारे पर क्यों मंडराते हैं ?

(४) गोवा यह नाम सुनते ही सबका मन कैसे हो जाता है ?

(५) 'रीढ की हड्डी' एकांकी में लेखक ने किस प्रकार नारी सम्मान के बारे में विचार व्यक्त किये है ?

(६) गली में किस बात की गुंजाईश नहीं है ?

(७) अब लेखक ईश्वर से क्या प्रार्थना करते है ?

(८) सौर मंडल के एक उपग्रह का क्या नाम है ?

(९) मुझसे मिलने के लिए कौन लोग सबसे पहले आए ?

(१०) सामस्वरूपी को गोपाल प्रसाद ने पहले भी क्या कहा था ?

[पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न २. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :–** १४

(१) गोवा के समुद्री किनारों का चित्रण लेखक ने किस प्रकार किया है ?

(२) जो हम शौक से करना चाहते है, उसके लिए रास्ते निकाल लेते है, इस बात को पाठ के आधारपर सोदाहरण अर्थ लिखिए।

(३) "वाह रे ! हमदर्द" इस निबंध में लेखक ने अपनी दुर्घटना का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(४) 'मन' कविता के आधार पर कवि के भाव स्पष्ट कीजिए।

**(ब) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन्ही पाँच के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य-पुस्तक के आधार पर कीजिए :—** ५

(१) मैं जिसे देखूँ उसी में तुम मुझे ................. दिखो ।

(२) विमल वाणी ने वीणा ली, कमल कोमल कर में .............. ।

(३) जीवन नैया ................. में डोले, सँभाले कौन ?

(४) दासी ................. राम रटत है मैं सरण हूँ तेरी।

(५) चूसकर श्रम रक्त जिसका जगत में ................. मधुरस बनाया ।

(६) पत्थरों के शहर में वो ................. बनाकर दिखो ।

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १२

(१) मन लगाकर काम करना एक गुण है 'ठेस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(२) कला और कलाकार का सम्मान करना हमारा दायित्व है इस विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(३) रूपा का ह्रदय परिवर्तन कैसे हो गया ? 'बूढी काकी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न ३. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन मुहावरों के अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—** ९

(१) मूँह मारना–

(२) झिक-झिक करना–

(३) दाद देना–

(४) तैश में आना–

(५) निछावर करना–

**(ब) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्ही दो के सहायक क्रिया के रूप में ही अपने सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए। प्रत्येक के लिए स्वतंत्र वाक्य लिखिए :—** ४

(१) काटना–

(२) लिखना–

(३) ठहरना–

(४) रोना–

अंक

**(क) निम्नलिखित वाक्य किसने किस संदर्भ में कहा है, कोई चार लिखिए :—** ४

(१) "बोल बेटा! अब भी मुझसे भागेगा ?"

(२) "तुम लोग बुक रखते हो न ?"

(३) "ये देखो चाचा जी !"

(४) "तुम इसे खुला छोड़कर आजमाकर तो देखों। "

(५) "मेरे पिता सरकारी कर्मचारी थे ।"

(६) "क्या आप मन और प्राण को अलग-अलग मानते है ? "

**(ड) निम्नलिखित में से विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई चार) :—** ४

(१) बौद्धिक श्रम से उपयोग की चीज तभी बना सकती है—

(अ) जब संपत्ति का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए।

(ब) जब शरीर श्रम का सहारा लिया जाए।

(क) जब यंत्र का सहारा लिया जाए।

(२) लेखक की माँ ने इसलिए सिरचन को बुलाया—

(अ) क्योंकि वह सिरचन से चिक का जोड़ा बनाना चाहती थी।

(ब) क्योंकि वह उससे मोथी की शीतलपाटी बजवाना चाहती थी।

(क) क्योंकि वह उससे खेत-खलिहान का काम करवाना चाहती थी।

(३) भ्रष्टाचार एक ऐसा कीड़ा है जो—

(अ) देश को घुन की तरह खा रहा है।

(ब) दवाई से मारा जा सकता है।

(क) तुरन्त उपाय से मर सकता है।

(४) संपूर्ण परिवार में यदि काकी से किसी को अनुराग था तो वह—

(अ) रूपा थी।

(ब) बुद्धीराम की छोटी लड़की लाडली थी।

(क) घर में काम करनेवाली बाई थी।

(५) मँझली भाभी माँ की—

(अ) चहेती बहू है।

(ब) मँझली बहू है।

(क) दुलारी बहू है।

**प्रश्न ४. (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से सहायक क्रिया छाँटकर लिखिए (कोई तीन):–** ३

(१) मुझे रोटी बनाना सिखाया गया।

(२) बच्चे खेलने लगे।

(३) नौकरों पर हुक्म चलने लगा।

(४) देरी करने को मेरा मन गवारा नही कर पाया।

[ पलटकर देखिए

अंक

**(ब) निम्नलिखित शब्दों में से वर्तनी के अनुसार शुद्ध रूप लिखिए (कोई चार) :—** २

(१) व्यक्ती

(२) मेडीकल

(३) क्रांतीकारि

(४) मुसकिल

(५) पूर्ती

**(क) निम्नलिखित अव्ययों का सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई तीन) :—** ३

(१) अलावा

(२) भी

(३) इसलिए

(४) शायद

(५) अब

(६) अतिरिक्त ।

**(ड) सूचना के अनुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई तीन) :—** ३

(१) पाँच मिनट में पिटारी खाली हो गई। (सामान्य भविष्यकाल)

(२) मन की गति आगे तक थी। (सामान्य भूतकाल)

(३) रहमान लक्ष्मी को मारता है। (पूर्ण वर्तमानकाल)

(४) अब हम उसका प्रयोग कर सकेंगे। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(५) माँ बड़ी घबराई हुई है। (पूर्ण भूतकाल)

**(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं छह वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :—** ६

(१) अब मैं अपने टाँगो की ओर देखता है।

(२) लक्ष्मी की आँख में आँसू आई।

(३) इस घर में अने कों खाली पीपी है।

(४) राम ने हिरण का शिकार की।

(५) सोना बाई ने एकपल लड़की को घुरी।

(६) गुप्ताजी की कमरा शायद बगल में है।

(७) हमने क्रिकेट मैच देखी।

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**दूसरा प्रश्नपत्र : निबंध लेखन, पत्र-लेखन, सार-लेखन, अनुवाद इत्यादी**

रविवार, दिनांक ८ अगस्त २०२१

[**समय** : दोपहर २-०० से ४-४५ बजे तक]

**(मौखिक परीक्षा की अवधि मिलाकर)**

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) प्रश्न क्रमांक ४ को छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखें।
(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।
(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

**अंक**

प्रश्न १. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग पच्चीस-तीस पंक्तियों में निबंध लिखिए :—** २०

(अ) आज की आधुनिक नारी।
(ब) भारत में गणतंत्र का भविष्य।
(क) एक फटे किताब की आत्मकथा।
(ड) सूचना का अधिकार।
(इ) मेरा प्रिय खिलाडी।

**अथवा**

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधारपर पंद्रह से बीस पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए :—**

जंगल में तालाब ................ पानी में राजहंस का निवास ................ पड़ोस में पेड़ पर कौआ ................ राजहंस का रंग-रुप देखकर कौए का मन ही मन जलना ................ एक शिकारी का आना ................ पेड़ के नीचे विश्राम करना ................ मुँह पर धूप आना ................ राजहंस का अपने पंखो द्वारा उस पर छाया करना ................ कौए का दुष्ट भाव से शिकारी के सिर पर चोट करके उड जाना ................ शिकारी का जाग जाना ................ हंस को दोषी मानकर तीर मारना ................

प्रश्न २. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए :—** १४

मिलिंद/मानिनी नार्वेकर, १०९१ राजभवन पथ, मलबार हिल, मुंबई से बृहन्मुंबई महानगरपालिका वार्ड अधिकारी को वार्ड संबंधित सुविधा के लिए शिकायत पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

सरीता शिंदे, भरणा नाका, खेड से एच.एस.सी. परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास करने के लिए अपने भाई संतोष पवार, आर.ए. कालनी, गोरेगाव, मुंबई को पत्र लिखकर बधाई देती है।

[पलटकर देखिए

अंक

प्रश्न ३. **निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए अथवा गद्यखंड का एक-तिहाई सार लिखिए उसे उचित शीर्षक दीजिए :–** २०

माधवपुर में कुछ बुद्धिमान लोग थे। नगर पर जो आफत आई उससे उन्हें बड़ी चिंता हुई। उन्होंने लोगों को समझाया "भाइयो ! जरा सोचकर तो देखो तन तोडकर पैसा कमाकर उसे इस तरह क्यों नाहक उडा देते हो ? वह जादूगर बड़ा शैतान, धोखेबाज है। वह जो बेचता है वह दवा नहीं है, शराब है। उससे नशा चढ़ता है। वह तुम लोगों को ठगकर पैसे छीनकर तुम सबको गहरे गड्ढे में ढकेल रहा है। उसके पास मत जाओ।"

लेकिन उनकी बातों का किसी पर कोई असर नहीं हुआ। एक बार जो जाल में फँसे वे फँसे ही रहे। वह कहने लगे "पैसे जाएँ, चाहे जो हो, उस दवा में कैसा मजा है ! वह तो चिंताओं को भगा देती है, थकावट को दूर करती है, भूख को मिटाती है, जोश पैदा करती है और फिर जरुरत ही किस बात की है ?"

मगर जो लोग उसके जाल में नही फँसे थे, वे बुद्धिमानों की बातों से सचेत हो गए। वे उस व्यापारी की जादूगरी को समझ गए। वे लोग एक साथ मिलकर राजा के पास गए और उन्होंने अपनी रामकहानी सुनाई।

**प्रश्न–**

(अ) माधवपुर में बुद्धिमान लोगों ने गाँव के लोगों को किस बारे में सावधान किया ?

(ब) जादूगर व्यापारी लोगों को किस प्रकार ठग रहा था ?

(क) जादूगर व्यापारी के चंगुल में फँसे लोगों ने बुद्धिमान लोगों की बात क्यों नही मानी ?

(ड) लोग अपनी रामकहानी सुना ने किस के पास गए और क्यों ?

(इ) "शराब" पिने से क्या होता है ?

(फ) "शराब एक बुरी बला" इस संदर्भ में प्रदर्शन कीजिए।

(ग) उपरोक्त गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न ४. **निम्नलिखित गद्यखंड का <u>मराठी</u> या <u>अंग्रेजी</u> में अनुवाद कीजिए :—** २०

देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा शहरीकरण हुआ है। शहरों में बसी जनता की आवास और नागरी सुविधा संबंधी बढ़ती जरूरतों को पुरा करने की दृष्टी से मूलभूत सुविधाओं में किये जानेवाले निवेश में बढोत्तरी करने का प्रयास किया जाएगा। झोपडपट्टीवासियों का जीवनमान सुधारने के लिए प्राथमिकतापूर्वक प्रयास किया जाएगा। शहरों और औद्योगिक बस्तियों में प्रदुषण की समस्या गंभीर होती जा रही है, इस समस्या की रोकथाम के लिए राज्य सरकार ठोस उपाय करेगी।

समाज की गरीब जनता मुख्यतः सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर रहती है। इस दृष्टि से सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधिक मजबूत करने के लिए सर्वांगीण प्रयास किये जाएँगे।

अंक

**प्रश्न ५. निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी गद्यखंड का हिंदी में अनुवाद कीजिए :—** २०

काही वर्षापूर्वी नाशिक शहरात घडलेला हा प्रसंग आजही सर्वांना स्तिमित करणारा आहे. ती एक काळरात्र ठरली होती. दिवसभर दमून रात्रीला विसावा घेणारे जीव गाढ झोपेत असता एकदम घणाण् घणाण् घंटा वाजू लागली, त्या घणाघाती आवाजाने रात्रीची शांतता दुभंगली, लोक खडबडून जागे झाले. काही खिडक्यांकडे धावले, काही घरातून बाहेर रस्त्यावर आले. पाहतात तो काय ? समोर एका दुमजली इमारतीत प्रचंड आग लागली होती. त्या इमारतीत अनेक बिऱ्हाडे वास्तव्याला होती. त्या इमारतीत एकच हलकल्लोळ माजला होता. आगीचे लोळ इमारतीत आत आत शिरत होते आणि आतले लोक जीव मुठीत धरून बाहेर धाव घेत होते. आत अडकलेले लोक जीवाच्या आकांताने आरडा ओरडा करत होते. आगीच्या ज्वाळा टाळत मिळेल त्या वाटेने आपला जीव वाचवत ते रस्त्यावर येत होते. खाली चौकाच्या सोप्यात गाईगुरे बांधलेली होती. जनावरे दाव्याला हिसके मारून आपला जीव वाचवण्याचा प्रयत्न करत होती.

**अथवा**

The Government will pay special attention to the development of the irrigation potential in all the regions of the state and to Command Area Development modern techniques of drip and sprinkler irrigation will be further propagated. In pursuance of the recommendations of Bachhawat Commission efforts will be made for timely completion of the Krishna Valley Project. Projects with the Vidarbha Irrigation Corporation, Marathwada Godavari Irrigation Corporation, Tapi Irrigation Corporation and Konkan Irrigation Corporation will also be expedited. Due attention will also be given to the resettlement of project affected persons. The State Government will also strive to ensure reliable, uninterrupted and stable electricity supply to farmers.

**प्रश्न ६. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए :—** ६

(अ) Mission  (ब) Insurance Agent
(क) Oil-field  (ड) Statement
(इ) Index  (फ) Police Hospital
(ग) Tenure  (ह) Radio Operator
(य) Vigorous  (र) Code.

**अथवा**

**निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए :—**

(अ) सदन  (ब) परिचालन
(क) कार्यवाही  (ड) वन भूमि
(इ) द्वारपाल  (फ) प्रश्नावली
(ग) शिक्षा मंत्रालय  (ह) वाहन भत्ता
(य) कक्ष अधिकारी  (र) जनगणना।